संदिग्धों पर पैनी नजर रखें : एसपी

निर्देश

श्रावस्ती। संवाददाता। लोकसभा चुनाव की तैयारियों व सुरक्षा प्रबंधन को लेकर एसपी ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में एसपी ने अब तक की गई तैयारियों व सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

पुलिस कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक करते एसपी।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसियों ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सक्रिय रहें। सभी तैयारियां पूरी करें और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। इसके साथ ही उन्होंने मतदान केन्द्रों, शराब बरामदगी, शस्त्र बरामदगी, जमीनी विवाद में कार्यवाही, शस्त्र धारकों का सत्यापन कर शस्त्रों को जमा करवाने, फोर्स के ठहरने की हेतु चिन्हित विद्यालयों की व्यवस्था, मतदान केन्द्र तक पहुंचने वाले मार्गों, बॉर्डर एरिया के मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी, इण्डोनेपाल बॉर्डर में बैरियर, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। मिली कमियों को समय से सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त चौकी व बीट प्रभारी थाना व चौकी क्षेत्र में वाहन की नियमित चेकिंग करते हुए संदिग्धों पर पैनी नजर रखे। आपराधिक मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ में तेजी लाएं। बॉर्डर के गाँवों में पुलिस व एसएसबी की ओर से संयुक्त गश्त की जाय। संदिग्ध लोगों के बारे में क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त कर लें।